**प्रेस विज्ञप्ति**

## यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र, 2023 आरंभ किया गया

**मुंबई 05 जुलाई, 2023**: यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा आधिकारिक तौर पर 30 जून, 2023 को पूरे भारत में अपनी शाखाओं में महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र (एमएसएससी), 2023 योजना की शुरुआत की गई. बैंक ने अब तक **5,653** एमएसएससी लाभार्थी खातों में रु.**17.58** करोड़ जुटाए हैं.

एमएसएससी, 2023 वित्त मंत्रालय की एक प्रमुख लघु बचत योजना है, जिसे 1 फरवरी, 2023 को हमारे माननीय वित्त मंत्री द्वारा वित्त वर्ष 2023-2024 के बजट भाषण के दौरान महिलाओं और लड़कियों के लिए शुरू किया गया था. योजना के तहत, प्रत्येक लड़की या स्त्री महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र या किसी नाबालिग लड़की की ओर से कोई अभिभावक खाता खोल सकती हैं. आवश्यक न्यूनतम निवेश रु. 1,000/- और रु. 100/- के गुणकों में कोई भी राशि रु. 2,00,000/- की अधिकतम सीमा तक जमा की जा सकती है. ग्राहक प्रत्येक खाते के बीच तीन महीने के अंतराल पर कई खाते खोल सकता है, बशर्ते कुल निवेश सीमा रु. 2,00,000/- तक होनी चाहिए.

इस योजना के तहत जमा राशि पर प्रति वर्ष 7.5% का आकर्षक ब्याज दर मिलेगा और यह त्रैमासिक रूप से चक्रवृद्धि होगा. महिला सम्मान बचत प्रमाणपत्र के तहत सभी अर्जित ब्याज मौजूदा आयकर प्रावधानों के अनुसार कर योग्य होगा. हालाँकि, योजना के तहत टीडीएस (स्रोत पर कर कटौती) नहीं काटा जाएगा.

खाता खुलने की तारीख से दो साल बाद खाता परिपक्व होगा. इस योजना के तहत खाते 31/03/2025 तक खोले जा सकते हैं. यह योजना नामांकन सुविधा भी प्रदान करती है. खाताधारक खाता खोलने की तारीख से एक वर्ष के बाद पात्र शेष राशि के 40% तक की आंशिक निकासी भी कर सकते हैं.

दिनांक : 05 जुलाई, 2023
स्थान : मुंबई

प्रेस विज्ञप्ति

प्रेस विज्ञप्ति